## न्यूज डायरी



### टिड्डियों से घबराए च्ड इमरान खान ने लगाई नैशनल इमर्जेंसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान की इमरान सरकार ने पंजाब प्रांत में बड़े पैमाने पर फसलों को बर्बाद कर रहे टिड्डों की समस्या को राष्ट्रीय आपदा घोषित कर दिया है। पंजाब प्रांत देश में कृषि उपज का मुख्य क्षेत्र है। पाकिस्तान बीते दशकों के सबसे बुरे कीट हमले का सामना कर रहा है। यह फैसला पीएम इमरान खान द्वारा शुक्रवार को बुलाई गई बैठक में लिया गया। इस बैठक में समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपी) को भी स्वीकृति दी गई जिसके लिए 7.3 अरब रुपयों की जरूरत होगी। बैठक में संघीय मंत्री और चार प्रांतों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मंत्री खुसरो बख्तियार ने नैशनल असेंबली को स्थिति की गंभीरता के बारे में बताया। उन्होंने साथ ही संकट से निपटने के लिए संघीय एवं प्रांतीय सरकारों की ओर से अब तक उठाए गए कदमों की जानकारी दी। बैठक में आर्थिक मामलों पर प्रधानमंत्री के सलाहकार हाफिज शेख भी शामिल थे।

### करॉना का कहरः चीन में प्रशासन ने लोगों से की अपील, टाल दें अपनी शादी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। चीन ने करॉना वायरस को फैलने से रोकने के लिए लोगों से शादी फिलहाल न करने और अंतिम संस्कार के कार्यक्रम को छोटा करने की अपील की है। वायरस के कारण मरने वालों की संख्या 259 होने और देश भर में इससे प्रभावित लोगों की संख्या करीब 12 हजार होने के बीच उसने यह अपील की है। नागरिक मामलों के मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, 2 फरवरी के लिए शादी पंजीकरण को लेकर की गई घोषणाओं या वादों के लिए सलाह दी जाती है कि आप इसे रद्द कर दें और दूसरों को इस बारे में बताएं। इस वर्ष शादी के लिए 2 फरवरी को भाग्यशाली तारीख माना जा रहा है क्योंकि श02022020श का क्रम आगे और पीछे से एक समान है। पेइचिंग, शंघाई और अन्य शहरों ने इस तारीख को शादी पंजीकरण सेवाओं की पेशकश की घोषणा की थी, जबकि 2 फरवरी को रविवार है और इस दिन कार्यालय सामान्यतः बंद रहते हैं।

### चीन ने थाईलैंड, मलेशिया से वुहान के नागरिकों को वापस बुलाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। थाईलैंड और मलेशिया से हुबेई प्रांत के नागरिकों को विमानों से वुहान वापस लाया गया जहां सुरक्षित परिधान पहने अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। शियामेन एयरलाइन्स का एक चार्टर विमान शुक्रवार देर रात बैंकॉक से हुबेई की राजधानी वुहान पहुंचा जहां जंगली पशुओं के एक बाजार से संक्रमण की शुरुआत हुई मानी जाती है। संक्रमण से पूरी तरह सुरक्षित सफेद परिधान पहने स्वास्थ्य अधिकारियों ने विमान से उतरे 73 यात्रियों का स्वागत किया और यात्रियों ने फोटोग्राफरों की ओर हाथ हिलाकर मुस्कराकर अभिवादन किया। शियामेन की दूसरी उड़ान कुछ ही देर बाद मलेशिया के प्रसिद्ध तटीय पर्यटन केंद्र कोटा किनाबालू से हुबेई के नागरिकों को लेकर पहुंची। चीन के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा था कि वह विदेशों से वुहान के नागरिकों को जल्द से जल्द वापस लाएगा क्योंकि उन्हें वहां व्यावहारिक कठिनाइयां आ रही हैं।

### चीन में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या 259 हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। भारत सहित विभिन्न देश कोरोना वायरस के केंद्र चीन के वुहान शहर में फंसे अपने नागरिकों को निकालने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वहीं चीन में इस विषाणु से अब तक 259 लोगों की मौत हो चुकी है और करीब 12,000 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हैं। उल्लेखनीय है कि इस विषाणु का दिसंबर की शुरुआत में पता चला था और इसके हुबेई प्रांत की राजधानी वुहान स्थित बाजार से फैलने की आशंका है जहां पर मांस के लिए जंगली जानवरों की बिक्री होती है। कोरोना वायरस भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और स्वीडन सहित दो दर्जन देशों में फैल चुका है।

# 'हिंदुओं की चलेगी' शाहीन बाग में की फायरिंग

## प्रदर्शन स्थल से कुछ ही दूरी पर एक शख्स ने हवाई फायरिंग की

**गिरफ्तार**

पुलिस की गिरफ्त में बोला शख्स– देश में सिर्फ हिंदुओं की चलेगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जामिया नगर में संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों पर फायरिंग के बाद शनिवार को शाहीन बाग में भी फायर किया गया है। प्रदर्शन स्थल से कुछ ही दूरी पर एक शख्स ने हवाई फायरिंग की। बताया जा रहा है कि आरोपी ने दो या तीन फायर किए। फिलहाल वह पुलिस की हिरासत में है। पुलिस की हिरासत में फायरिंग करने वाले शख्स ने कहा, हमारे देश में और किसी की नहीं चलेगी, सिर्फ हिंदुओं की चलेगी। आरोपी ने अपना नाम कपिल गुर्जर बताया है। वह नोएडा बॉर्डर के पास दल्लूपुरा इलाके का रहने वाला है। डीसीपी चिन्मय विस्वाल ने बताया है कि आरोपी ने हवाई फायरिंग की थी। पुलिस ने उसे तुरंत दबोच लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी को सरिता विहार थाना ले जाया गया है। पुलिस बैरिकेड के पास जिस समय पुलिसकर्मी फायरिंग करने वाले शख्स को ले जा रहे थे तो वह जय श्री राम के नारे लगा रहा था। पास के किसी व्यक्ति ने जब उससे पूछा कि आपने गोली क्यों चलाई तो उसने कहा, हमारे देश में ये क्या हो सकता है...। इसी दौरान उसने अपना नाम कपिल गुर्जर बताया। उसने कहा, श्क्योंकि हमारे देश में मैं ऐसा नहीं चाहता है। हमारा देश हिंदू राष्ट्रवादी क्षेत्र है।

गुरुवार को ही जामिया नगर में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों पर एक नाबालिग ने गोली चली दी थी, जिसमें जामिया का एक छात्र घायल हो गया। घटना को लेकर दिल्ली पुलिस सबके निशाने पर थी, क्योंकि पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में यह गोलीबारी हुई थी।



शाहीन बाग में गोलीबारी करने वाला आरोपी (लाल घेरे में)

**केजरीवाल बोले, शाह जी आपने क्या हाल बना दियाः** शाहीन बाग में फायरिंग की घटना पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गृह मंत्री अमित शाह पर हमला बोला है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, श्अमित शाह जी, ये आपने क्या हाल बना रखा है हमारी दिल्ली का। दिनदहाड़े गोलियां चल रही हैं।

कानून व्यवस्था की खुलेआम ध्ज्जियां उड़ाई जा रही हैं। चुनाव आते जाते रहेंगे, राजनीति भी चलती रहेगी, लेकिन दिल्ली के लोगों की खातिर, कृपया कानून व्यवस्था ठीक करने पर ध्यान दीजिए।

आपको बता दें कि गुरुवार को ही जामिया नगर में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों पर एक नाबालिग ने गोली चला दी थी, जिसमें जामिया का एक छात्र घायल हो गया।

## कन्हैया कुमार के काफिले पर पथराव, बाल–बाल बचे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** छपरा। जवाहर लाल यूनिवर्सिटी (जेएनयू) छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) के नेता कन्हैया कुमार के काफिले पर शनिवार को बिहार के छपरा में हमला किया गया। इस हमले में कई गाड़ियों के शीशे टूट गए। कुछ लोगों को मामूली चोटें भी आई हैं। हालांकि, कन्हैया कुमार इस हमले में बाल–बाल बच गए और वह पूरी तरह से सुरक्षित हैं। हमलावरों में से एक को पकड़ लिया गया है।

बताया गया कि कन्हैया अपने साथियों के साथ सिवान से छपरा जा रहे थे। इसी बीच कोपा थाने के पास कुछ लोगों ने गाड़ियों पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। गाड़ियों के शीशों पर बड़े–बड़े पत्थर लगने के कारण शीशे चकनाचूर हो गए और कुछ लोगों को चोट भी लगी है। जानकारी के मुताबिक, कन्हैया जिस गाड़ी में थे उसको कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

कन्हैया के साथ मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि बजरंग दल के लोगों द्वारा उकसाए जाने पर यह हमला किया गया। बताते चलें कि कन्हैया कुमार 30 जनवरी से बिहार के चंपारण से श्जन–गण–मन यात्रा निकाल रहे हैं। कई जिलों में वह इससे जुड़ी जनसभाएं कर रहे हैं। शनिवार को वह छपरा में भी एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए ही जा रहे थे।



## 3 साल बाद फिर से राष्ट्रमंडल में शामिल हुआ मालदीव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। मालदीव को राष्ट्रमंडल में आधिकारिक रूप से शनिवार को फिर से शामिल कर लिया गया। मालदीव ने करीब तीन साल पहले मानवाधिकार के मसले पर राष्ट्रमंडल से अलग हो गया था। मालदीव राष्ट्रमंडल में ऐसे समय फिर से शामिल हुआ है जब ब्रिटेन 47 साल सदस्य रहने के बाद यूरोपीय संघ से अलग हुआ है। मालदीव अपने मानवाधिकार रिकॉर्ड और लोकतांत्रिक सुधार पर प्रगति के अभाव को लेकर निलंबित किए जाने की चेतावनी के बाद राष्ट्रमंडल से अलग हो गया था। मालदीव ने राष्ट्रमंडल से फिर से जुड़ने का अनुरोध दिसंबर 2018 में किया था जब उसके राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने राष्ट्रमंडल महासचिव पैट्रीशिया स्कॉटलैंड को पत्र लिखा था।

## फांसी पर रोक के खिलाफ एचसी में सुनवाई दोषियों को जारी किया गया नोटिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■निर्भया केसः बिना देरी चारों दोषियों को फांसी देने के आदेश देने की अपील की

नई दिल्ली। निर्भया के दोषियों की फांसी पर रोक के फैसले के खिलाफ तिहाड़ प्रशासन और गृह मंत्रालय की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान तिहाड़ जेल प्रशासन और चारों दोषियों को नोटिस जारी किया है। याचिका पर अब रविवार दोपहर सुनवाई होगी। इससे पहले गृह मंत्रालय की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि दोषी जिस प्रकार फांसी को रोकने के लिए उपाय अपना रहे हैं और वैसे ही अगर प्रक्रिया चलती रही तो इस केस का कभी अंत नहीं होगा। दरअसल, पटियाला हाउस कोर्ट ने आज यानी 1 फरवरी की सुबह दी जाने वाली फांसी पर शुक्रवार को रोक लगा दी थी जिसके खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। तिहाड़ प्रशासन ने याचिका में मांग की है कि दोषियों को जल्द से जल्द फांसी देने का आदेश दिया जाए।

उधर, सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि चारों दोषी कानूनी प्रक्रिया का फायदा उठा रहे हैं। वे एक के बाद एक कानूनी सहारा ले रहे हैं ताकि इस जघन्य अपराध की उन्हें कोई सजा न मिले।

उन्होंने कहा, कल एक आवेदन देकर फांसी टलवा दी गई। आवेदन में दी गई वजहें न्यायिक जांच से होकर नहीं गुजर सकतीं। इसे एक ऐसे जघन्य अपराध के रूप में देखा जाएगा जिसमें दोषियों ने कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग किया हो।

उल्लेखनीय है कि पटियाला हाउस कोर्ट ने चारों की फांसी पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। दोषियों को आज सुबह फांसी दी जानी थी। जेल के नियमों के अनुसार, ऐसे किसी मामले में जहां एक से अधिक दोषियों को मौत की सजा दी गई हो, किसी भी दोषी को तब तक फांसी नहीं हो सकती जब तक कि उनके सभी कानूनी विकल्प खत्म न हो जाएं।

## अमेरिका 6 और देशों पर यात्रा प्रतिबंध लगाएगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। वाइट हाउस ने घोषणा की है कि अमेरिका छह और देशों पर यात्रा प्रतिबंध लगाएगा, जिनमें चार अफ्रीकी देश हैं। यात्रा प्रतिबंध जैसे विवादास्पद कदम की पहले से ही आलोचना हो रही है। वाइट हाउस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि आव्रजन प्रतिबंध नाइजीरिया, इरीट्रिया, तंजानिया, सूडान, किर्गिस्तान और म्यांमार पर लगाए जाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुक्रवार को हस्ताक्षर किए गए उद्घोषणा के 22 फरवरी को मध्य रात्रि 12.01 बजे प्रभावी होने की उम्मीद है।

बयान के अनुसार, इरीट्रिया, किर्गिस्तान, म्यांमार और नाइजीरिया के नागरिकों के वीजा आवेदन करने पर अमेरिका अंकुश लगाएगा जिससे इन देशों के नागरिकों के स्थाई निवास पर लगाम लगाया जा सके। दो अन्य देशों, सूडान और तंजानिया के नागरिकों को डाइवर्सिटी वीजा लॉटरी में भाग लेने से रोक दिया जाएगा, जो अप्रवासियों को ग्रीन कार्ड देता है। बयान में दावा किया गया है कि नए प्रतिबंधित देश अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहे हैं।